राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

राजभवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या–101/2023

चिकित्सक सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर मरीजों के स्वास्थ्य देखभाल और उनकी चिकित्सा में मदद करें– राज्यपाल

पटना, 18 मार्च, 2023 :– महामहिम राज्यपाल श्री राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने होटल मौर्या, पटना में आयोजित स्तन कैंसर से संबंधित अन्तर्राष्ट्रीय कार्यशाला ABSI MIDCON-2023 को संबोधित करते हुए कहा कि चिकित्सक सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में जाएँ और मरीजों के स्वास्थ्य देखभाल और उनकी चिकित्सा में मदद करें। इस तरह के कार्यक्रमों की सार्थकता तभी है जब हम गाँवों की गरीब महिलाओं के बीच जाकर उन्हें स्तन कैंसर जैसी बीमारियों के बारे में जागरूक करते हैं और उनके ईलाज में सहयोग करते हैं। उन्होंने कहा कि कार्यशाला में विचार किया जाना चाहिए कि स्तन कैंसर की चिकित्सा से संबंधित नई तकनीकों और अनुसंधानों का लाभ ग्रामीण महिलाओं को कैसे मिले।

राज्यपाल ने खुशी और संतोष व्यक्त किया कि विदेशों में रहनेवाले भारतीय चिकित्सक यहाँ आकर स्तन कैंसर की चिकित्सा के बारे में विचार–विमर्श कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अब सभी लोग ऐसा महसूस कर रहे हैं कि हरेक बीमारी के लिए सर्तकता एवं जागरूकता आवश्यक है। खराब जीवन शैली को स्तन कैंसर सहित अन्य विभिन्न बीमारियों का महत्वपूर्ण कारण बताते हुए उन्होंने कहा कि जीवन में संयम आवश्यक है।

राज्यपाल को स्मृति चिन्ह एवं अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। उन्होंने भी उत्कृष्ट शल्य चिकित्सकों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर ABSI MIDCON के चेयरमैन डॉ० सुमंत्रा सरकार, सचिव डॉ० बी०पी० सिंह, ABSI MIDCON के प्रेसिडेंट डॉ० एस०बी०एस० देव, एम्स, पटना के निदेशक डॉ० जी०के० पाल, ASI, Bihar के प्रेसिडेंट डॉ० मृत्युंजय, पद्मश्री डॉ० जे०के० सिंह एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

....